उत्तराखंड स्वास्थ्य विभाग और केरल के मेडिट्रिना के बीच समझौता ज्ञापन

चर्चा में क्यों?

16 मार्च, 2022 को उत्तराखंड राज्य सरकार ने राज्य में हृदय रोग के इलाज के लिये केरल के मेडिट्रिना अस्पतालों के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) किया है। मेडिट्रिना देहरादून में दीन दयाल उपाध्याय (कोरोनेशन) अस्पताल में अपनी सेवाएँ प्रदान करेगा।

प्रमुख बिंदु

- राज्य स्वास्थ्य सेवाओं की महानिदेशक (डीजी) डॉ. तृप्ति बहुगुणा और मेडिट्रिना अस्पतालों के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) डॉ. एन. प्रताप कुमार ने राज्य स्वास्थ्य निदेशालय में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये।
- सात साल की अवधि के लिये अनुबंध पर हस्ताक्षर किये गए हैं। इसके तहत राज्य सरकार के सेवारत् और सेवानिवृत्त कर्मचारी, आयुष्मान भारत योजना, बीपीएल, ईएसआईसी, ईसीएचएस और सीजीएचएस कार्ड धारकों को मुफ्त इलाज मिलेगा तथा सामान्य श्रेणी के रोगियों को रियायती दरों पर इलाज मिलेगा। बच्चों में हृदय रोग से संबंधित उपचार और सर्जरी भी की जाएगी।
- वर्तमान में, मेडिट्रिना समूह देश के बाहर चार राज्यों और दो स्थानों में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से हृदय रोगियों का इलाज करता है।
- उल्लेखनीय है कि मेडिट्रिना ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स अपनी नैतिक चिकित्सा पद्धतियों के लिये जाना जाता है, जो इसे रोगियों के लिये पसंदीदा विकल्प बनाती हैं।
- इसके अलावा, अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप नैदानिक परिणाम प्राप्त करते हुए मेडिट्रिना अस्पताल अंतर्राष्ट्रीय लागत के एक अंश पर उन्नत प्रक्रियाओं को सुलभ बनाता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/mou-between-uttarakhand-health-department-and-meditrina-of-kerala